# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

**Time – 3 hrs.** **Class – XI** **M.M. – 80**

*Name of the student ______________________________________ Section ____ Date - 19.02.2024 (Monday)*

**निर्देश –**

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड है- खंड 'अ' और 'ब' ।
2. खंड 'अ' में 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।

**प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 1x10=10

महिलाओं की मर्यादा और उनसे दुर्व्यवहार के मामले भी अन्य मामलों की तरह न्यायालयों में ही जाते हैं, किंतु पिछले कुछ समय से ऐसे आचरण के लिए स्वयं न्यायपालिका पर उँगली उठाई जा रही है । काफी हद तक यह समस्या न्यायपालिका की नहीं, बल्कि पूरे समाज की कही जा सकती है। जज भी समाज के ही अंग हैं, इसलिए यह समस्या न्यायपालिका में भी दिखाई देती है । हमारे समाज में कानून के पालन को लेकर बहुत शिथिलता है और अक्सर कानून का पालन न करने को सामाजिक हैसियत का मानक मान लिया जाता है। वी.आई.पी. संस्कृति का छद्म सिद्धांत ही यह बना लिया गया है कि उसे सामान्य नियम-कानून नहीं पालन करने होते, क्योंकि यह महत्वपूर्ण व्यक्ति है । छोटे शहरों, कस्बों में सरकारी अफसरों की हैसियत बहुत बड़ी होती है और जज भी उन्हीं हैसियत वाले लोगों में शामिल होते हैं । ऐसे में, अगर कुछ जज यह मान लें कि वे तमाम सामाजिक मर्यादाओं से ऊपर हैं, तो यह हो सकता है । माना यह जाना चाहिए कि जितने ज्यादा जिम्मेदार पद पर कोई व्यक्ति है, उस पर कानून के पालन की जिम्मेदारी भी उतनी ही ज़्यादा है । खास तौर से जिन लोगों पर कानून की रक्षा करने और दूसरों से कानून का पालन कराने की ज़िम्मेदारी है, उन्हें तो इस मामले में बहुत ज्यादा सतर्क होना चाहिए लेकिन प्रायः ऐसा होता नहीं है । इस समस्या की ओर कई वरिष्ठ जज और न्यायविद ध्यान दिला चुके हैं कि न्यायपालिका में निचले स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि अच्छे न्यायिक शिक्षा संस्थानों से निकले अच्छे छात्र न्यायपालिका में नौकरी करना पसंद नहीं करते, क्योंकि उन्हें कामकाज की परिस्थितियाँ और आमदनी, दोनों ही आकर्षक नहीं लगतीं।नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट को तो बनाया ही इसलिए गया था कि अच्छे स्तर के जज और वकील वहाँ से निकल सकें, लेकिन देखा यह गया है कि वहाँ से निकले ज्यादातर छात्र कॉर्पोरेट जगत में चले जाते हैं। अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र भी बजाय जज बनने के, प्रैक्टिस करना पसंद करते हैं । जजों की चुनाव प्रक्रिया में कई खामियाँ हैं जिन्हें दूर किया जाना ज़रूरी है, ताकि हर स्तर पर बेहतरगुणवत्ता के जज मिल सकें ।

1. जजों को अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है, क्योंकि-

(क) उन पर कानून की रक्षा का दायित्व है

(ख) उन्हें समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करना है

(ग) वे कानून का पालन न करने वालों को दंडित करते हैं

(घ) ये सभी

2. वी.आई.पी. संस्कृति का छद्म सिद्धांत से अभिप्राय है:

(क) सामान्य नियम-कानून का पालन नहीं करना (ख) कानून की नजर में सब समान है

(ग) संविधान उनके अधीन है (घ) इनमें से कोई नहीं

3. वर्तमान में न्यायपालिका में किस स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते हैं?

(क) उच्च स्तर पर (ख) मध्यम स्तर पर (ग) निचले स्तर पर (घ) ये सभी

4. अच्छे स्तर के जज और वकील प्राप्त करने के लिए किस इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई? (क) नेशनल क्राइम इंस्टीट्यूट (ख) नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट

(ग) पर्सनल लॉ बोर्ड इंस्टीट्यूट (घ) स्टेट लॉ बोर्ड इंस्टीट्यूट

5. हर स्तर पर बेहतर गुणवत्ता वाले जज प्राप्त करने का क्या उपाय है?

(क) जजों की इज्ज़त की जाए (ख) कानून पालन में छूट दी जाए

(ग) जजों की चुनाव प्रक्रिया की कमियाँ दूर की जाएँ (घ) परीक्षा को आसान कर दिया जाए

6. नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट के अच्छे छात्रों का वर्तमान समय में जज नहीं बनने का कारण निम्न कथनों में से कौन सा/से है/हैं?

**कथन:** 1. चुनाव की प्रक्रिया में खामी है ।

2. काम की परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं हैं ।

3. आमदनी कम है ।

(क) केवल 1 (ख) केवल 2 (ग) 1 और 3 (घ) ये सभी

7. वी.आई.पी. का पूर्ण रूप क्या है?

(क) वैरी इम्पोर्टेंट पर्सन (ख) वैरी इंटेलीजेंट पर्सन

(ग) वैरी एलीजेबल पर्सन (घ) इनमें से कोई नहीं

8. नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट के अच्छे छात्र अधिकांश किस क्षेत्र में जाना पसंद करते हैं?

(क) प्रशासनिक सेवाएँ (ख) राजनीतिक क्षेत्र (ग) कॉर्पोरेट जगत (घ) कृषि क्षेत्र

9. आजकल न्यायपालिका पर उँगली क्यों उठाई जा रही है?

(क) गलत फैसलों के कारण (ख) कामचोरी की प्रवृति के कारण

(ग) महिलाओं की मर्यादा व उनसे दुर्व्यवहार के कारण (घ) घूसखोरी के कारण

10. **कथन (A)**: महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले केवल न्यायपालिका के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए समस्या है ।

**कारण (H)** : न्यायपालिका में निचले स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते ।

(क) कथन (A) और कारण (K) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(ग) क्थन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।

(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है ।

**प्र.2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1x5=5**

जो नहीं हो सके पूर्ण-काम
मैं उनको करता हूँ प्रणाम ।
कुछ कुंठित औ' कुछ लक्ष्य-भ्रष्ट
जिनके अभिमंत्रित तीर हुए, रण की समाप्ति के पहले ही
जो वीर रिक्त-तूणीर हुए- उनको प्रणाम!
जो छोटी-सी नैया लेकर,उठे करने को उदधि-पार
मन की मन में ही रही, स्वयं
हो गए उसी में निराकार-उनको प्रणाम ।
जो उच्च शिखर की ओर बढ़े
रह-रह नव-नव उत्साह भरे
पर कुछ ने ले ली हिम-समाधि
कुछ असफल हो नीचे उतरे
कृत-कृत्य नहीं जो हो पाए- उनको प्रणाम ।
प्रत्युत फाँसी पर गए झूल,
कुछ ही दिन बीते हैं, फिर भी
यह दुनिया जिनको गई भूल- उनको प्रणाम ।
थी उम्र साधना, पर जिनका
जीवन नाटक दुखांत हुआ:
या जन्म-काल में सिंह लग्न
पर कुसमय ही देहांत हुआ -उनको प्रणाम ।
और दुर्दम साहस के जो उदाहरण थे मूर्ति-मंत?
परनिरवधि बंदी जीवन ने
जिनकी धुन का कर दिया अंत- उनको प्रणाम ।
जिनकी सेवाएं अतुलनीय पर विज्ञापन से रहे दूर
प्रतिकूल परिस्थिति ने जिनके कर दिए, मनोरथ चूर-चूर ।
---उनको प्रणाम।

1. समाज किन लोगों को भुला चुका है?
   (क) देश की स्वतंत्रता के लिए समाज की भलाई के लिए प्राणों को दाँव पर लगाने वालों को
   (ख) समाज में खूब धन कमाने वालों को
   (ग) वीर, प्रतापी राजाओं को
   (घ) माता-पिता का आदर सम्मान करने वालों को
2. छोटी-सी नौका से सागर पार करने की कोशिश करने वालों का महत्व है
   (क) ये गलत प्रयासों से लोगों को सीख देते हैं

(ख) इनके कारण ही नई खोजें और बड़े परिवर्तन होते हैं

(ग) ये लोगों को बड़ी नाव लेने का संदेश देते हैं

(घ) ये लोगों को सागर में न जाने को सचेत करते हैं

3. 'हिम समाधि' से अभिप्राय है-

(क) बर्फ पर बैठकर तपस्या करना (ख) बर्फ में जम जाना

(ग) अपनी जान गंवाना (घ) उपरोक्त सभी

4. कवि ने यहाँ किन लोगों को प्रणाम किया है?

(क) सफल लोगों को (ख) निराशा से भरे लोगों को

(ग) असफल परंतु कर्मशील लोगों को (घ) दीन-हीन गरीब लोगों को

5. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| A. रिक्त-तूणीर | 1. देवतातुल्य |
| B. लक्ष्य-भ्रष्ट | 2. विचलित व्यक्ति |
| C. मूर्ति-मंत | 3. अस्त्र-शस्त्र रहित |

(क) A-3,B-1,C-2 (ख) A-2 ,B-1,C-3 (ग) A-2,B-3 ,C-1 (घ) A-3,B-2,C-1

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए: 1x5=5**

(i) जनसंचार का कौन-सा माध्यम सारे माध्यमों का समागम है?

(क) इंटरनेट (ग) रेडियो (ख) सिनेमा (घ) दूरदर्शन

(ii) मुद्रण का आविष्कार जर्मनी के जोहांस-गुटेनबर्ग में कब हुआ?

(क) 1450 ई. (ख) 1460 ई. (ग) 1870 ई. (घ) 1895 ई.

(iii) आज के समय में जनसंचार ने किस जीवनशैली को सबसे अधिक बढ़ावा दिया है?

(क) उपभोक्तावादी (ख) वैज्ञानिक (ग) संप्रदायवादी (घ) पलायनवादी

(iv) निम्न में कौन-सी घटना समाचार नहीं हो सकती है?

(क) युद्ध का देखा हाल (ख) दो टीमों का मुकाबला

(ग) किसी लोकप्रिय व्यक्ति का जन्मदिन (घ) किसी आम आदमी के घर में कलह

(v) वॉचडॉग पत्रकारिता से आशय है-

(क) विशेष तथ्यों व सूचनाओं को एकत्रित करना

(ख) सरकार के कामकाज पर निगाह रखना तथा किसी भी गड़बड़ी पर उसका पर्दाफाश करना

(ग) सरकार के कामकाज का प्रचार-प्रसार करना

(घ) समाचारों की त्रुटियों को दूर करना

**प्र.4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए । 1x5 =5**

हे भूख! मत मचल

प्यास, तड़प मत

हे नींद! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
हे मद! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का।

(i) प्रस्तुत पद्यांश में कवयित्री क्या आग्रह कर रही हैं?

(क) अपनी इंद्रियों को नियंत्रण में रहने का (ख) दीन-हीनों की सहायता करने का
(ग) भौतिक सुख-सुविधाओं को पाने का (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) पद्यांश में प्यास' से क्या तात्पर्य है?

(क) पानी की प्यास से (ख) आलस्य से (ग) सांसारिक तृष्णा से (घ) क्रोध से

(iii) क्रोध से क्या हानि होती है?

(क) मनुष्य का विवेक नष्ट हो जाता है (ख) मनुष्य का ज्ञान नष्ट हो जाता है
(ग) मनुष्य की चेतना लुप्त हो जाती है (घ) मनुष्य की आत्मा मर जाती है

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

**कथन (A) :** क्रोध का कार्य केवल सर्वनाश करना होता है।
**कारण (R) :** लोभ और मोह मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है
(ख) कथन (A) सही नहीं है, किंतु कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है
(घ) कथन (A) कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(v) प्रस्तुत संपूर्ण पद्यांश में कौन-सा अलंकार है?

(क) विरोधाभास (ख) मानवीकरण (ग) विभावना (घ) अतिशयोक्ति

**प्र.5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए : 1x5 =5**

दूसरे दिन माली ने चपरासी को बताया, चपरासी ने क्लर्क को, क्लर्क ने हेड-क्लर्क को। थोड़ी ही देर में सेक्रेटेरिएट में यह अफवाह फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है। बस, फिर क्या था लोगों का झुंड का-झुंड शायर को देखने के लिए उमड़ पड़ा। इसकी चर्चा शहर में भी फैल गई और शाम तक गली-गली से शायर जमा होने शुरू हो गए। सेक्रेटेरियेट का लॉन भाँति- भाँति के कवियों से भर गया और दबे हुए आदमी के चारों ओर कवि सम्मेलन का-सा वातावरण उत्पन्न हो गया। सेक्रेटेरियेट के कई क्लर्क और अंडर सेक्रेटरी तक, जिन्हें साहित्य और कविता से लगाव था, रुक गए। कुछ शायर दबे हुए आदमी को अपनी कविताएँ और दोहे सुनाने लगे। कई क्लर्क उसको अपनी कविता पर आलोचना करने को मजबूर करने लगे।

(1) सेक्रेटेरिएट में कौन-सी अफवाह फैल गई थी?

(क) माली ने अकेले ही पेड़ से दबे व्यक्ति को निकाल लिया है

(ख) पेड़ के नीचे दबा हुआ व्यक्ति शायर है

(ग) पेड़ के नीचे दबे हुए व्यक्ति की जानकारी मंत्री से है

(घ) क्लर्कों ने मिलकर पेड़ के नीचे दबे व्यक्ति को निकाल लिया है

(ii) सेक्रेटेरियेट के लॉन में किसकी भीड़ हो गई?

(क) तरह-तरह के कवियों की (ख) आस-पास के लोगों की

(ग) दबे हुए व्यक्ति के परिजनों की (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) दबे हुए आदमी के चारों ओर कैसा वातावरण उत्पन्न हो गया था?

(क) कवि सम्मेलन का (ख) किसी मेले का

(ग) किसी संभाषण प्रतियोगिता का (घ) वार्षिकोत्सव होने का

(iv) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| सूची 1 |
|---|
| A. अफवाह फैली |
| B. व्यापार विभाग |
| C. कविता से लगाव |

| सूची 2 |
|---|
| 1. लोगों का समूह |
| 2. क्लर्क व अण्डर सेक्रेट्री |
| 3. दबा हुआ व्यक्ति शायर |

**कूट :** (क) A-3,B-1,C-2 (ख) A-2 ,B-1,C- (ग) A-2,B-3 ,C-1 (घ) A-3,B-2,C-1

(v) 'थोड़ी ही देर में सेक्रेटेरिएट में यह अफवाह फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है' वाक्य में कौन-सा वाक्य-भेद है?

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) साधारण वाक्य

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए। 1x10=10**

(i) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर पाठ के अनुसार, लता से पूर्व किस प्रसिद्ध गायिका का जमाना था?

(क) सुमन कल्याणपुर (ख) तीजन बाई (ग) नूरजहाँ (घ) गीता दारा

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बेबी हालदार तातुश से प्रभावित थी।

2. तातुश एक सज्जन व्यक्ति थे।

3. तातुश ने बेबी को लेखन के लिए प्रोत्साहित किया।

4. तातुश बेबी हालदार से शादी करना चाहते थे।

**सही कथनों का चयन कीजिए:**

(क) 2 और 4 (ख) 1, 2 और 3 (ग) 2, 3 और 4 (घ) 1 और 4

(iii) आलो-आँधारि पाठ के रचयिता कौन हैं?

(क) कुमार गंधर्व (ख) अनुपम मिश्र (ग) बेबी हालदार (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर' पाठ के अनुसार, लता ने प्रायः किस पट्टी में गीत गाए हैं?

(क) ऊँची पट्टी में (ख) निम्न पट्टी में (ग) मध्यम पट्टी में (घ) ये सभी

(v) कुंई की गर्मी कम करने के लिए ऊपर जमीन पर खड़े लोग मुट्ठी भर-भरकर नीचे क्या फेंकते हैं?

(क) मिट्टी (ख) पानी (ग) दवाई (घ) रेत

(vi) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर पाठ के अनुसार, चित्रपट संगीत किस प्रकार का होता है?

(क) सरस (ख) लचकदार (ग) गंभीर (घ) 1 और 2

(vii) बेबी हालदार फरीदाबाद आने से पहले कहाँ रहती थी?

(क) चेन्नई में (ख) लखनऊ में (ग) दुर्गापुर में (घ) दिल्ली में

(viii) जैसलमेर जिले के एक गाँव खड़ेरों की ढाणी को लोग किस नाम से जानते थे?

(क) तीन-बीसी (ख) पाँच-बीसी (ग) छह-बीसी (घ) दस-बीसी

(ix) गहरी कुंई से पानी खींचने की सुविधा के लिए उसके ऊपर लगी चकरी को क्या कहते हैं?

(क) गरेड़ी (ख) चरखी (ग) फरेड़ी (घ) ये सभी

(x) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A) :** बेवी हालदार के आस-पड़ोस के लोग उससे तरह-तरह के प्रश्न पूछते थे।

**कारण (R) :** बेबी हालदार अपने तीन बच्चों के साथ अकेली रहती थी।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (B) गलत है

(ख) कथन (A) सही नहीं है, किंतु कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है (घ) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**प्र.7 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में लेख लिखिए - (5×1=5)**

**(क) स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव**

**संकेत-बिंदु-** भूमिका, अमृत महोत्सव का अर्थ, इस महोत्सव में होने वाले समारोह, इस महोत्सव का महत्त्व,निष्कर्ष

**(ख) भाग्य और पुरुषार्थ**

**संकेत-बिंदु-** भूमिका, आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, भाग्यवादी व्यक्ति उदासीन रहता है, परिश्रमी व्यक्ति अपने भाग्य को बदल लेता है,उपसंहार ।

**(ग) पर्वतीय स्थल की यात्रा**

**संकेत-बिंदु-** भूमिका, प्राकृतिक सौंदर्य, यात्रा वर्णन, सांस्कृतिक महत्व।

**प्र.8** अपने क्षेत्र में फैली गन्दगी की साफ-सफाई हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को **पत्र लिखिए। 5**

**अथवा**

आपके शहर के नगर निगम में क्लर्क पद हेतु **आवेदन पत्र लिखिए ।**

**प्र.9. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x2=4**

(क) डायरी लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ख) पटकथा किसे कहते हैं? पटकथा किसके आधार पर लिखी जाती है?

(ग) आप सड़क पर साइकल चलाते समय गिरकर घायल हो गए। उस समय एक अंजान व्यक्ति ने आपकी सहायता की । इस घटना को अपनी डायरी में लिखिए ।

**प्र.10. (i) स्ववृत्त का प्रारूप लिखिए ? 3**

**अथवा**

**(ii) निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए:**

कंगन, कौशल, घायल, क्षत्रिय, ज्ञानी, त्रिशूल ।

**प्र.11 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3x2=6**

(क) 'सबसे खतरनाक' कविता के आधार पर बताइए कि सपनों का मर जाना क्यों खतरनाक है?

(ख) लेखक, चंपा को क्या कहकर पढ़ने के लिए प्रेरित करता है? 'चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती'- कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) मीरा संसार को देखकर क्यों रोती है?

**प्र.12 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x2=4**

(क) कबीर ने धार्मिक गुरुओं पर क्या व्यंग्य किया है?

(ख) 'गजल' कविता के आधार पर बताइए कि भारतीय जनता कैसी है?

(ग) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता आदिवासी समाज की किन बुराइयों की ओर संकेत करती हैं?

**प्र.13 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3x2=6**

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है?

(ख) 'आदमी को काटकर निकाल लो' व्यंग्य पर अपनी प्रतिक्रिया पाठ के आधार पर दीजिए।

(ग) रजनी स्कूल के हेडमास्टर से मिलने क्यों जाती है?

**प्र.14 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2x2=4**

(क) पंडित जी के मन में वंशीधर के प्रति क्या भाव आए थे?

(ख) त्रिलोक सिंह मास्टर मोहन पर प्रसन्न क्यों रहते थे?

(ग) रजनी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

**प्र.13 निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए: 3x1=3**

(क) गोधूलि बेला में कुंइयों के आसपास की नीरवता कैसे मुखरित हो उठती है? कुइंयों पर ग्राम समाज के नियंत्रण को आप कितना सही मानते हैं और क्यों?

(ख) 'नारी समाज का एक अभिन्न अंग है, कैसे? स्पष्ट कीजिए।